दिनांक 04 फरवरी 2020

स्वच्छ भारत अभियान　　　　　　　　　　　　　　　　　　स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

भिलाई निगम को 14 स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर मिले, स्वच्छता के प्रति करेंगे जागरूक, आज महापौर एवं निगमायुक्त के साथ हुई पहली बैठक

भिलाईनगर/ भिलाई निगम क्षेत्र में आम जन को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने 14 स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडरों की नियुक्ति महापौर द्वारा की गई है! महापौर देवेन्द्र यादव ने 14 स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर के लिए अलग-अलग विधाओं में प्रतिभा रखने वाले समाजसेवी, पत्रकार, संगीतज्ञ, खेल एंव शिक्षण क्षेत्र के लोगों को शामिल किया है। श्री यादव ने अलग अलग विधाओं में पारंगत लोगों को स्वच्छता के इस कार्य में योगदान देने के लिए चयन किया है। इस अवसर महापौर श्री यादव ने कहा कि स्वच्छता की परिकल्पना को साकार करने निगम भिलाई प्रशासन अथक प्रयास कर रहा है और स्वच्छता सर्वेक्षण 2019 में 5 से 10 लाख आबादी वाले शहरों की रैकिंग में 11वें पायदान पर पहुंच चुका है। आप सबके सहयोग व सीधे संवाद से आम जन में स्वच्छता के प्रति जागरूकता ज्यादा बेहतर होगी और हम स्वच्छ व सुंदर भिलाई की परिकल्पना को शीघ्र साकार कर पहले पायदान पर आ सकते हैं। इसके पूर्व सभी स्वच्छता एम्बेसडरों ने एक दूसरे से परिचय प्राप्त किया! आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने विभिन्न चरणों में होने वाले स्वच्छ सर्वेक्षण की जानकारी देते हुए भिलाई निगम द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी से सभी को अवगत कराया! आम नागरिकों में स्वच्छता के प्रति अधिक से अधिक जागरूकता लाने के लिए सिटीजन फीडबैक , सोशल मीडिया के माध्यम से जागरूकता, होम कंपोस्टिंग और ऐसे कार्य जो स्वच्छता ब्रांड एंबेसडरो द्वारा उचित माध्यम से लोगों तक अधिक से अधिक पहुंचाया जा सकता है के विषय में चर्चा की गई!

नवनियुक्त स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडरों ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत लोगो को साफ सफाई का महत्व बताते हुए शहर को स्वच्छ परिवेश बनाने में भूमिका निभांएगे अपने विभिन्न आयोजनों में स्वच्छता के कार्यों को सम्मिलित करते हुए स्वच्छता का प्रसार करेंगे। आमजन की स्वच्छता में सहभागिता, संबंधी पखवाड़ा के माध्यम से नागरिकों में जनजागृति हेतु हर संभव कार्य करने की बात कही। महापौर देवेंद्र यादव ने राजेन्द्र प्रसाद पूर्व ओलम्पीयन , संजय रूंगटा शिक्षण क्षेत्र, नीतीन गुप्ता उद्योगपति , संजय ओझा शिक्षण क्षेत्र , नरेन्द्र बन्छोर अध्यक्ष आफिसर्स एसोसिएशन, आर.एस.शर्मा समाजसेवी, यशवंत धोटे पत्रकार , प्रभंजय चतुर्वेदी संगीतज्ञ , राजकुमारी वर्मा समाजसेवी, संतोष राॅय शिक्षण, साहीराम जाखड़ युवा व्यापारी, मनोज बक्तयानी युवा व्यापारी, विनोद उपाध्याय व्यापारी , विजय गोयल स्वास्थ्य क्षेत्र के व्यक्तियों को भिलाई निगम के लिए स्वच्छता एम्बेसडर नियुक्त किए है। बैठक में महापौर परिषद के सदस्य एवं स्वास्थ्य प्रभारी लक्ष्मीपति राजू, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली मौजूद रहे!